अगले साल 13 फीसदी रहेगी भारत की विकास दर

वैश्विक रिसर्च फर्म गोल्डमैन साक्स का दावा...2020-21 के लिए भी सुधारा अनुमान

नई दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था में तेज सुधार के संकेत दिखने लगे हैं। वैश्विक रिसर्च फर्म गोल्डमैन सॉक्स ने आर्थिक गतिविधियों में आई तेजी को देखते हुए चालू वित्तवर्ष के विकास दर अनुमान में सुधार किया है। एजेंसी ने कहा है कि इस साल जीडीपी में 10% गिरावट रहेगी, तो अगले साल 13% की तेजी आएगी।

गोल्डमैन सॉक्स के मुताबिक, अक्तूबर में परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की वृद्धि दर 13 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 58

10.3% गिरावट का अनुमान जताया है चालू वित्तवर्ष में

अंक तक पहुंच गया। इतना ही नहीं औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) भी 6 महीने में पहली बार बढ़ा है और सितंबर में 0.2 % तेजी आई है। इन संकेतों को देखते हुए 2020-21 का विकास दर अनुमान सुधार दिया है। फर्म ने कहा कि चालू वित्तवर्ष में अर्थव्यवस्था में 10.3% की गिरावट आ सकती है। सितंबर में एजेंसी ने 14.8% गिरावट का अनुमान जताया था। अब इसमें 4.5 फीसदी का सुधार किया है। फर्म ने कहा कि 2021-22 में भारती की जीडीपी 13 फीसदी की तेज रफ्तार से आगे बढ़ेगी। यह दुनिया में सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था रहेगी। एजेंसी

मूडीज ने सुधारा अनुमान

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी भारतीय अर्थव्यवस्था में आए तेज सुधारों को देखते हुए चालू वित्तवर्ष के लिए विकास दर अनुमान में सुधार किया था। मूडीज ने कहा था कि सितंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था में 9.6 फीसदी की गिरावट आ सकती है, लेकिन पिछले सप्ताह इसे सुधारकर 8.9 फीसदी कर दिया था। इसके अलावा आरबीआई ने भी चालू वित्तवर्ष में जीडीपी में 9.5 फीसदी गिरावट का अनुमान लगाया है।